तस्करी विजयराघवगढ़ और बरही थाना क्षेत्र पुलिस ने की कार्रवाई, एक लाख दस हजार रूपए का गांजा जब्त

गांजा तस्करी के आरोप में दो पारधी युवक गिरफ्तार



नवभारत, कटनी। जिले की बरही पुलिस ने रेलवे पुलिया के नीचे से 6 किलो 20 ग्राम गांजा जब्त कर 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 60, हजार रुपये बताई गई है।

आरोपी की पहचान पहचान पारधी, निवासी ग्राम खिरहनी के पारधी मोहल्ला, थाना बरही, जिला कटनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बरही थाना की टीम कस्बे में भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन खन्ना बंजारी और खितौली रोड की ओर जा रही थी। इसी दौरान रेलवे पुलिया के नीचे सड़क पर लाल-काले रंग की प्लास्टिक की बोरी लेकर जा रहा एक व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा।

संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह बरही थाना क्षेत्र के खिरहनी निवासी पहचान पिता वारिस पारधी है। पुलिस ने उसके पास से गांजा जब्त कर लिया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, उप निरीक्षक नरेश झरिया, उप निरीक्षक अश्वनी यादव, सहायक उप निरीक्षक राम सखा वर्मा, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक सतीश हल्दकर, नरेंद्र पटेल, रवि मोहन जाटव, गणेश दत्त मिश्रा, अवधेश मिश्रा की भूमिका रही।

वहीं विजयराघवगढ़ पुलिस ने ने भी अक्टूबर की दरमियानी रात ग्राम हिनौता में महानदी के नए पुल के पास से 4 किलो गांजा जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुल के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी लेकर संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस वाहन देखकर भागने लगा।

टीम ने उसे पकड़कर बोरी की जांच की, जिसमें गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी उत्तम पारधी, पिता कोचिस पारधी, निवासी ग्राम खिरहनी, थाना बरही, जिला कटनी के कब्जे से 4 किलो गांजा जब्त किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक जयराम साकेत और आरक्षक नीतेश सिंह की भूमिका रही।



सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली आक्रोश रैली

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार पर लगाए तानाशाही के आरोप

नवभारत, रीठी। राहुल गांधी की गिरफ्तारी और केंद्र सरकार के कथित तानाशाही रवैये के विरोध में शुक्रवार को रीठी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आक्रोश रैली निकालकर प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस के आह्वान और जिला अध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नदीम अहमद ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रीठी बस स्टैंड से मुख्य बाजार तक रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने 'राहुल गांधी जिंदाबाद', 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' और 'वोट चोर गद्दी छोड़' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज उठा रहे हैं, इसलिए सरकार उन्हें झूठे मामलों में फंसाकर गिरफ्तार करा रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या मानती है और इसका विरोध करेगी। उन्होंने सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखने की बात कही। प्रदर्शन में जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट शब्बीर खान, जिला सचिव गौरव शाह, संजू नामदेव, मंडलम अध्यक्ष खुशी लाल पटेल, मनोज पटेल, अशोक शर्मा, विलोचन चौधरी, कादर खान, संतोष उपाध्याय, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष आफताब खान, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजीव राय और पंचायत अध्यक्ष जगदीश बर्मन, सुरेश चौधरी, कमलेश लोधी, तीरथ सेन, कोमल नामदेव, आरिज खान, बबलू चौधरी, संतोष गडारी, संदीप शौर्य, आशीष दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर में



त्यौहारों की सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन, अफवाहों से बचें

नवभारत, बरही। आगामी दुर्गा उत्सव, दशहरा और मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए 7 अक्टूबर 2026 को थाना बरही परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में कानून-व्यवस्था, यातायात, डीजे, जुलूस मार्ग और विसर्जन स्थल की सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे, थाना प्रभारी बरही अरविंद कुमार चौबे, तहसीलदार बरही, नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, शांति समिति के सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक में दुर्गा उत्सव समितियों के आयोजकों को पंडाल और विसर्जन के लिए विधिवत अनुमति लेने के निर्देश दिए गए। विसर्जन जुलूस निर्धारित मार्ग और समय पर निकालने तथा डीजे की ध्वनि निर्धारित मापदंड के अनुरूप रखने को कहा गया। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी रखने पर भी चर्चा हुई। पुलिस ने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने और इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे ने बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस और सादी वर्दी में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखने की बात कही गई। बैठक के अंत में शांति समिति के सदस्यों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में पुलिस और प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया। थाना बरही पुलिस ने नगरवासियों से आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

बिजली बिल वूसली तेज, बकायादारों के कनेक्शन काटे

लखनपुरा, भैंसवाही सहित कई गांव में की गई कार्रवाई



नवभारत, विजयराघवगढ़। बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए कटनी और विजयराघवगढ़ में विद्युत विभाग ने विशेष अभियान चलाया है। पिछले दो दिनों में बिल जमा नहीं करने वाले सैकड़ों उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए। वहीं, काटे गए कनेक्शनों को दोबारा जोड़ने के मामले में करीब 40 उपभोक्ताओं के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई की गई है। विद्युत विभाग के अनुसार, लखनपुरा और भैंसवाही बरुआ सहित कुछ गांवों में लाखों रुपये की बिजली बिल राशि बकाया होने पर ट्रांसफार्मर बंद किए गए और कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बाधित की गई। विभाग ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन पहले काटे जा चुके थे, उनमें से करीब 40 उपभोक्ताओं के कनेक्शन दोबारा जुड़े पाए गए। इन मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत न्यायालयीन कार्रवाई की गई है। यह अभियान अधीक्षण अभियंता, कटनी वृत्त और कार्यपालन अभियंता, कटनी संचालन एवं संधारण के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता विजय धुर्वे उपस्थित रहे।

रेत का अवैध उत्खनन, ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पर लगाए आरोप

जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग



नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम पंचायत देगवां महगवां में कथित अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने पंचायत के उपसरपंच जनक कुमार पर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कराने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि इस गतिविधि को पंचायत के सरपंच का संरक्षण प्राप्त है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र से निकाली जा रही रेत का इस्तेमाल पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्यों में किए जाने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों में रेत के उपयोग के नाम पर बिलों के माध्यम से सरकारी राशि का भुगतान कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने इन आरोपों की जांच कर रेत के उपयोग और भुगतान से संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल कराने की मांग की है। मामले में नाबालिग से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली चलवाने का आरोप भी लगाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इससे गांव की सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने इस संबंध में भी जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि यदि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत परिवहन हो रहा है तो संबंधित विभागों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराने तथा रेत उत्खनन, परिवहन, पंचायत निर्माण कार्यों में रेत के उपयोग और संबंधित दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच के बाद आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

डीएनए जांच से हुई मसंधा के पास गड्ढे में मिले नरकंकाल की पहचान, हत्या की आशंका

मृतक की पत्नी ने की आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



नवभारत, बाकल। जिले के बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम झरौली निवासी प्रह्लाद सिंह ठाकुर के नरकंकाल की पहचान डीएनए जांच में हो गई है। 15 अगस्त 2026 को ग्राम मसंधा के पास एक गड्ढे में दबे मिले नरकंकाल के अवशेष प्रह्लाद सिंह ठाकुर के पाए गए हैं। शुक्रवार, 9 अक्टूबर को पुलिस ने अवशेष उनके परिजनों को सौंप दिए। इसके बाद मृतक की पत्नी रेखाबाई ने मामले में जल्द कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। रेखाबाई ने पूर्व में पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर अपने पति की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पति प्रह्लाद सिंह ठाकुर, पिता लाखन सिंह, की 2 अगस्त 2026 को हत्या कर दी गई थी। रेखाबाई के अनुसार पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते समय उन्होंने पंचायत के कुछ संदिग्ध लोगों के नाम पुलिस को बताए थे। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को बाकल में आयोजित शिविर के दौरान भी आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। उनके मुताबिक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित कर मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की थी। गौरतलब है कि 15 अगस्त को ग्राम मसंधा के पास एक गड्ढे में दबा हुआ अज्ञात नरकंकाल मिला था। सूचना मिलने पर बाकल पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल के पास मिले कपड़ों के आधार पर परिजनों ने अवशेषों की पहचान प्रह्लाद सिंह ठाकुर के रूप में की थी। इसके बाद पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा था।

थाना प्रभारी दिनेश कुमार तिवारी ने बताया कि नरकंकाल मिलने की सूचना पर पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर प्रयोगशाला भेजा था। जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, जिसमें अवशेष प्रह्लाद सिंह ठाकुर के होने की पुष्टि हुई है। पुलिस जल्द ही मामले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करेगी।

ट्रेन में लावारिस मिली दो माह की बच्ची

बीना-नागदा स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच मिली बच्ची

नवभारत, कटनी। मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को बीना-नागदा स्पेशल ट्रेन संख्या 09341 के जनरल कोच में करीब दो माह की बच्ची रोती हुई मिली। यात्रियों ने बच्ची को अकेला देखकर जीआरपी को सूचना दी। इसके बाद बच्ची को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे शिशु वार्ड में भर्ती कराया गया है। सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा के अनुसार, बच्ची की हालत ठीक है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा है।

जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि बच्ची को ट्रेन में छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखे गए हैं और यात्रियों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जानकारी बाल कल्याण समिति को भी दी जा रही है, ताकि बच्ची की देखभाल और आगे की आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा सके। फलहाल बच्ची को ट्रेन में छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है।

नीलकंठेश्वर धाम में श्रद्धांजलि भोज आज

मदन लाल ग्रोवर की स्मृति में कार्यक्रम

नवभारत, कटनी। स्वर्गीय मदनलाल ग्रोवर की स्मृति में शनिवार 10 अक्टूबर 2026 को श्रद्धांजलि भोज का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम नीलकंठेश्वर धाम, सलैया, पड़खुड़ी में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। परिजनों और शुभचिंतकों से कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है। मदनलाल ग्रोवर का निधन 19 सितंबर 2026 को हुआ था। परिवार के अनुसार उनके स्नेह, सरल स्वभाव और आत्मीय व्यवहार की स्मृतियां परिजनों के लिए सदैव महत्वपूर्ण रहेंगी।

कार्यक्रम के लिए धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा ग्रोवर, पुत्र रंजन एवं पुत्रवधू अदिति ग्रोवर, बेटी जयश्री (नैना), दामाद मयंक राणा, भतीजे रवि ग्रोवर और बहन जीत सेठी सहित परिवार के सदस्यों ने आमंत्रण दिया है। इस अवसर पर रुद्राक्ष ग्रोवर, वरुण ग्रोवर, करण ग्रोवर, कान्हा ग्रोवर और समस्त नीलकंठेश्वर परिवार ने भी आत्मीयजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों से उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने का आग्रह किया है।

बिजली बिल बकाया होने पर 33 कनेक्शन काटे, 56 उपभोक्ता से वसूले 1 लाख 92 हजार

बिजली विभाग ने की कार्रवाई वसूली के चलाया जा रहा अभियान



नवभारत, बाकल। विद्युत वितरण केंद्र बाकल के अंतर्गत बिजली चोरी और बकाया बिलों की वसूली के लिए विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार, 7 अक्टूबर 2026 को विभिन्न गांवों में कार्रवाई की।

इस दौरान बिजली चोरी के 33 मामले दर्ज किए गए, जबकि 56 बड़े बकायादार उपभोक्ताओं से करीब 1.92 लाख रुपये की वसूली की गई। उपसंभाग स्लीमनाबाद और कनिष्ठ अभियंता कार्यालय बाकल, तेवरी, बहोरीबंद, बचैया और स्लीमनाबाद की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के 33 बिजली कनेक्शन काटे गए। इन उपभोक्ताओं पर कुल 4.83 लाख रुपये की बकाया राशि थी। विभाग ने बकायादार उपभोक्ताओं के छह बैंक खाते भी सीज किए। इन खातों से संबंधित कुल बकाया राशि करीब 92 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग की टीम ने बिजली कार्यालय बाकल से पुराना बाजार तक जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक किया गया और अधिक से अधिक सौर ऊर्जा प्रणाली लगवाने की अपील की गई। साथ ही उपभोक्ताओं से बिजली बिल और बकाया राशि समय पर जमा करने का आग्रह किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता दिलदार डाबर (स्लीमनाबाद), कनिष्ठ अभियंता आरके सेन (बाकल), कुलदीप सैयाम (बहोरीबंद), आनंद प्रजापति (बचैया) और संतराम पनिका (तेवरी) सहित लाइनमैन और बाहरी एजेंसी के कर्मचारी मौजूद रहे।

निरीक्षण जन विश्वास अभियान के तहत खदान संचालकों से कलेक्टर ने किया संवाद, सुधार और औद्योगिक विस्तार पर दिया जोर

फरसी पत्थर के बेहतर उपयोग, बाजार में उपयोगिता और विस्तार की संभावनाओं पर मंथन



नवभारत, कटनी। जिले में स्थानीय खनन उद्योगों को प्रोत्साहित करने, खदान संचालकों की समस्याओं का समाधान करने और औद्योगिक विकास की संभावनाओं को विस्तार देने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत रीठी तहसील क्षेत्र में संचालित फरसी पत्थर की खदानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिनय विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खदानों में पत्थर खनन की तकनीकी और व्यावहारिक प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने ब्लॉक कटिंग की विधि, रोप खदानों में पत्थर की कटाई, वास्तविक रिकवरी प्रतिशत तथा खदान संचालकों की आय और आर्थिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संचालकों से चर्चा कर उत्पादन प्रक्रिया और व्यवसाय में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को समझा। कलेक्टर ने खदान संचालकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने फरसी पत्थर के बेहतर उपयोग और बाजार में इसकी उपयोगिता बढ़ाने के संबंध में सुझाव दिए। साथ ही कटनी जिले में फरसी पत्थर आधारित नए उद्योगों की स्थापना और मौजूदा इकाइयों के विस्तार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। कलेक्टर ने खदान संचालकों से कहा कि मैहर में निर्माणाधीन शारदा लोक सहित अन्य धार्मिक स्थलों और बड़े निर्माणाधीन भवनों में फरसी पत्थर के उपयोग की संभावनाएं तलाशें, ताकि स्थानीय उत्पाद को व्यापक बाजार मिल सके और जिले के औद्योगिक विकास को गति मिले।

कलेक्टर ने खदानों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संचालकों को श्रमिकों के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, जीएम डीआईसी श्रीमती ज्योति सिंह, खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, कमलकांत परस्ते सहित खदान संचालकों की उपस्थिति रही।

ट्रेनों के एसी कोच में भी गुटखा बेच रहे अवैध वेंडर

कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रहे अवैध वेंडर



नवभारत, कटनी। ट्रेनों के एसी कोच में कथित तौर पर अनधिकृत वेंडरों द्वारा राजश्री गुटखा, सिगरेट और तंबाकू उत्पाद बेचने का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह इस संबंध में कुछ वीडियो सामने आने की जानकारी मिली। कटनी गुजरने वाली ट्रेनों में काफी संख्या में अवैध वेंडरों द्वारा अवैध रूप से खान पान सामग्री बेची जा रही है। यात्रियों का कहना है कि क्षेत्र में उन्हें ट्रेनों के आसपास आरपीएफ की नियमित गश्त दिखाई नहीं देती। हालांकि, अनधिकृत बिक्री और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। इससे पहले 28 सितंबर को ट्रेन संख्या 16368 काशी-तमिल संगम एक्सप्रेस में लूट की घटना सामने आई थी। आरोप है कि चाकू की नोक पर यात्रियों से करीब 86 हजार रुपये की संपत्ति लूट ली गई और आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर भाग गए। लगातार सामने आ रहे इन मामलों के बीच ट्रेनों में अनधिकृत विक्रेताओं की मौजूदगी और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मामले में संबंधित विभागों की ओर से आधिकारिक पुष्टि और कार्रवाई की जानकारी सामने आना बाकी है।